(2) नर्मदा फाल्ट जोन के आस-पास के क्षेत्र की विवर्तनिकी (भ्रंश/विभंजन) का अध्ययन करना ;

(3) अद्यतन यंत्रों और तकनीकों में भारतीय भूकम्प-वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण देना ।

(ग) जी, हां ।

(घ) इस परियोजना के एक भाग के रूप में जलगांव में एक भूकम्प संबंधी वेधशाला को स्थापित करने का प्रस्ताव है ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि

1578. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कुल कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परिवार कल्याण केन्द्र, तथा औषधालय हैं तथा उनमें से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित केन्द्रों की अलग-अलग संख्या कितनी है और क्या ये केन्द्र सरकार की नीति तथा लक्ष्यों को पूरा करते हैं ;

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा चिकित्सा सुविधाओं के जो लाभ सरकार ग्रामीण जनता को देना चाहती है क्या ये लाभ उनको उपलब्ध कराए जा रहे हैं ; और

(ग) राजस्थान में कितने स्वास्थ्य केन्द्र तथा औषधालय हैं और उनमें से कितने केन्द्र तथा औषधालय क्रमश: शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) से (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोल कर सम्पूर्ण ग्रामीण आदिवासी और पहाड़ी जनसंख्या को कवर करते हुए किया जा रहा है । प्रत्येक 30,000 ग्रामीण जनसंख्या (आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों में 20,000) के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्रत्येक 5,000 ग्रामीण जनसंख्या (आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों में 3,000) के लिए एक उप-केन्द्र खोलने का मानदण्ड प्राप्त करने की दृष्टि से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/उपकेन्द्रों की आवश्यकता 1990 तक पूरी हो जाने की आशा है । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उपकेन्द्रों, जो रोग रोधक, स्वास्थ्य संवर्धक और उपचारी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, की स्थापना को देखते हुए ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्र और ग्रामीण औषधालय खोलने को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है । 80,000 से 1,20,000 की प्रत्येक ग्रामीण आबादी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना वर्ष 1995 तक की जाएगी । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-केन्द्रों, परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्रों, औषधालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संबंध में अखिल भारतीय तथा राजस्थान की स्थिति नीचे दी गई है :—

>. Ttsff«T»«» *H*

smrfW^ar %?J (31-3-89)	18939	898
	121767 .	
	1665	6492
		136

परिवार कल्याण केन्द्र				
ग्रामीण	5435	7027	232	311
नगरीय	1592		79	
औषध लय				
ग्रामीण	13658	29193	782	1207
नगरीय	15535		425	

दिल्ली में एस्कोर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर

1579. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में एस्कोर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर नामक एक संस्थान की स्थापना की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसका स्वामित्व और प्रबंध किसके हाथ में है ;

(ग) क्या इस संस्था से आम जनता लाभान्वित होती है ;

(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ;

(ङ) क्या केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के कार्डधारी भी इस संस्थान से लाभ उठा सकते हैं ;

(च) यदि हां, तो किस प्रकार; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम): (क) जी, हां ।

(ख) यह संस्थान सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अन्तर्गत एक रजिस्टर्ड सोसाइटी है । संस्थान के कार्यों का संचालन सोसाइटी के बोर्ड आफ गवर्नर्स द्वारा किया जाता है ।

(ग) जी, हां ।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) से (छ) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के कार्डधारक इस संस्थान से सुविधा प्राप्त कर नहीं कर सकते क्योंकि यह केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत संस्थान नहीं है ।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना

1580. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना प्रारम्भ में आम जनता के लिए शुरू की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना का मूल उद्देश्य क्या था ;

(ग) क्या यह सच है कि यह योजना अब आम जनता के लिए बिलकुल बन्द कर दी गई है ;

(घ) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ;

(ङ) क्या यह सच है कि सांसदों की सिफारिश पर ही केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के